भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +**4754**
सोमवार, **22** जुलाई, 2019/**31** आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अतुल्य भारत योजना को पुनः शुरू करना

+**4754**. श्री रेबती त्रीपुराः
श्री विजय कुमार दूबेः
श्री संतोष कुमारः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का निकट भविष्य में देश के विभिन्न भागों में अतुल्य भारत योजना को पुनः शुरू करने का कोई विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेषकर उत्तर-पूर्व, उत्तर प्रदेश और बिहार में पर्यटन स्थलों की विस्तृत सूची का ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय अपने जारी कार्यकलापों के भाग के रूप में पूर्वोत्तर क्षेत्र, उत्तर प्रदेश और बिहार के राज्यों में स्थित सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों एवं उत्पादों के संवर्धन के लिए अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू मार्केटों में 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के तहत प्रतिवर्ष प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन और आउटडोर मीडिया अभियान चलाता है। मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंटों तथा वेबसाइट के माध्यम से भी संवर्धन कार्य किए जाते हैं। इसके अलावा, भारत और विदेश में स्थित भारत पर्यटन कार्यालय सूचना का प्रचार-प्रसार करते हैं तथा देश के विभिन्न पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते हैं। मंत्रालय ने वर्ष 2017 में अतुल्य भारत 2.**0** अभियान की शुरूआत की है जो विश्व भर में सामान्य संवर्धन से बाजार विशिष्ट संवर्धनात्मक योजनाओं एवं विषय-वस्तु सृजन में बदलाव को दर्शाता है। यह अभियान विदेश स्थित महत्वपूर्ण तथा साथ ही साथ सम्भावित स्रोत बाजारों में निश पर्यटन उत्पादों के संवर्धन और डिजिटल तथा सोशल मीडिया पर प्रकाश डालता है।

******